समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सोनचिरैया से द रॉयल्स तक : 7 बार भूमि पेडनेकर ने दिखाया अपना वर्सटाइल अभिनय।

Publisher

Published on 13 May 2025




## “हर किरदार मे ढलने वाली कलाकार — भूमि पेडनेकर ने अपने अभिनय से सिनेमा और डिजिटल दुनिया मे बंनाई अलग पहचान।”

**बॉलीवुड गपशप :** **भूमि पेडनेकर**, जो भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं, उन्होंने हर किरदार में अपनी वर्सटैलिटी से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में रिलीज़ हुई वेब सीरीज़ ‘द रॉयल्स’ को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच, हम नजर डालते हैं उनके 7 ऐसे दमदार किरदारों पर, जिनसे उन्होंने साबित किया कि वह हर शैली में माहिर हैं।

**1. जया – टॉयलेट : एक प्रेम कथा**
**अक्षय कुमार** के साथ **भूमि** ने ग्रामीण भारत की स्वच्छता समस्याओं पर आधारित इस फिल्म में जया का किरदार निभाया। यह भूमिका महिलाओं के अधिकार और स्वाभिमान की बात करती है।

**2. सुमी सिंह – बधाई दो**
भूमि ने एक समलैंगिक महिला का किरदार निभाया जो एक समलैंगिक पुरुष से विवाह करती है। इस संवेदनशील विषय को उन्होंने बहुत ही ईमानदारी और भावनात्मक गहराई के साथ निभाया।

**3. इंदुमती तोमर – सोनचिरैया**
चंबल की घाटियों में बसी इस कहानी में भूमि ने एक निडर महिला का किरदार निभाया जो एक बच्ची की जान बचाने के लिए सिस्टम से लड़ती है।

**4. चंद्रो तोमर – सांड की आंख**

वृद्धावस्था में भी शूटर बनने वाली चंद्रो तोमर की भूमिका निभाकर भूमि ने सामाजिक बंधनों को तोड़ने वाली महिलाओं की मिसाल पेश की।

**5. वेदिका त्रिपाठी – पति, पत्नी और वो**

इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में भूमि ने एक शहरी, स्मार्ट और आत्मनिर्भर पत्नी का किरदार निभाया। उनका अभिनय बेहद स्वाभाविक और दर्शनीय रहा।

**6. सोफिया शेखर – द रॉयल्स**

अपने डिजिटल डेब्यू में भूमि एक महत्वाकांक्षी बिजनेसवुमन के रोल में नजर आईं। उनका ग्लैमरस लुक और आत्मविश्वास सीरीज़ की खासियत बन गया।

**7. वैशाली सिंह – भक्षक**

इस क्राइम थ्रिलर में भूमि ने एक जुझारू पत्रकार की भूमिका निभाई, जो बच्चियों के साथ हो रहे अपराधों को उजागर करती है। उनका यह किरदार सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक प्रयास कहा जा सकता है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.